सार-समाचार

रक्तदान शिविर आयोजित

पिलानी, (निसं)। युवाओं के दिलों की आवाज अब जन सेवक डॉ. मधुसूदन मालानी बन गए है। ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला पिलानी में। मौका था डॉ. मधुसूदन मालानी के 24वें जन्मदिवस का। इस अवसर पर बिरला सार्वजनिक अस्पताल में युवा शक्ति मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इससे पूर्व नेत्र रोग हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह से पहले भाजपा संसदीय बोर्ड सदस्य डॉ. सुधा यादव एवं डॉ. मधुसूदन मालानी बग्गी में सवार होकर बाइक रैली के साथ चंद्रभवन कोठी से बिरला सार्वजनिक अस्पताल पहुंचे। जहां बिरला सार्वजनिक अस्पताल के पीएमओ डॉ. आरके जैन के नेतृत्व में अस्पताल के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। बिरला नेत्र चिकित्सालय एवं रक्तदान शिविर के उद्घाटन के बाद आयोजित हुए उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। जनसेवक डॉ. मधुसूदन मालानी ने आए हुए अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि वे लगातार जन सेवा के कार्य आगे भी करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। बिरला नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन के अवसर पर मंच पर डॉ. मालानी के 24वें जन्म दिवस पर केक भी काटा गया। बिरला सार्वजनिक अस्पताल में हुए कार्यक्रम में चरखी दादरी विधायक सोमवीर सांगवान, आरएसएस के शैलेंद्र पांडे, समाजसेवी सुनील भारद्वाज, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मृत्यु बाद बैठक 5 दिन करने का निर्णय

झुंझुनूं, (निसं)। माली समाज के समाज सुधारक पूर्व पार्षद भंवर लाल राजोरिया, जलदाय विभाग के कर्मचारी सीताराम व ताराचंद राजोरिया ने संयुक्त निर्णय लेते हुए समाज सुधार में नया परिवर्तन किया है। जिसमें वर्तमान को देखते हुए समाज में किसी भी बुजुर्ग की मृत्यु पर 12 दिन की बैठक को 5 दिन तक सीमित करने का निर्णय हुआ। यह निर्णय पूर्व पार्षद भंवरलाल सैनी 'राजोरिया' ने अपने ही घर से शुरू करने का संकल्प लिया। जानकारी अनुसार 7 दिसंबर को पूर्व पार्षद की माताजी लक्ष्मी देवी पत्नी गणपत राजोरिया का निधन हो गया। जिनके तीये की बैठक मोतीसिंह की ढाणी स्थित निवास पर शुक्रवार को हुई। बैठक में परिजनों और समाज के लोगों ने कुछ रूढ़िवादी परंपराओं में परिवर्तन की चर्चा की। इसी परिवर्तन की चर्चा में तत्काल प्रभाव से यह निर्णय लिया गया कि सदियों से चली आ रही मृत्यु के बाद 12 दिन की बैठक को 5 दिन तक सीमित कर दिया जाए। इसकी पहल यही से शुरू करने का निर्णय हुआ और 11 दिसंबर को पगड़ी की रस्म और अन्य संस्कार पूरे करने का निर्णय लिया। जानकारी अनुसार जो उठावना 18 दिसंबर को होना था। उसे अब 11 दिसंबर को करके समाज सुधार में नया परिवर्तन किया गया है। प्रदेश जलदाय कर्मचारी महासंघ के संगठन मंत्री ताराचंद राजोरिया ने कहा कि समय को देखते हुए ऐसे निर्णय सराहनीय है। जबकि समाज के लोग इन्हें माने या ना माने ये उनके विवेक पर निर्भर है।

बैंक को मिले अवाड्र्स पर उत्सव मनाया

चूरू, (का.सं.)। भारतीय बैंक संघ आईबीए द्वारा मुंबई में आयोजित 18वें वार्षिक टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस में विभिन्न श्रेणियों में वार्षिक टेक्नोलॉजी अवाड्र्स से बैंक को सम्मानित किये जाने पर शुक्रवार को बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम का आयोजन कर प्रसन्नता जाहिर की। बैंक के चूरू क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबन्धक सुनील अग्रवाल ने स्टाफ के साथ केक काटकर हर्ष जाहिर किया। क्षेत्रीय प्रबन्धक सुनील कुमार अग्रवाल ने बैंक को प्राप्त अवार्ड के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि उन्नत टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ग्राहकों तक बेहतर बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने, नवीनतम टेक्नोलॉजी के साथ त्वरित ग्राहक सेवा उपलब्ध करवाते हुए व्यवसाय, अनुपालन और वित्तीय सुदृढ़ता के साथ बैंकिंग संपादित करने के परिणाम स्वरूप ग्रामीण बैंकों की श्रेणी में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को लगातार आठवीं बार राष्ट्रीय स्तर पर टेक्नोलॉजी बैंक ऑफ दी ईयर और सर्वोतम वित्तीय समावेशन हेतु लगातार चौथी बार प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक मोहन लाल कुलदीप, मार्केटिंग मैनेजर गुमान सिंह शेखावत सहित बैंकर्स मौजूद थे।

हिमाचल में कांग्रेस जीत पर खुशी जताई

चूरू, (कासं)। राजस्थान सरकार में वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के सदस्य व चूरू नगरपरिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने आज हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पायलट की मेहनत की वजह से हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है। इसका सारा श्रेय राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट व वहां के संपूर्ण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जाता है। इस अवसर पर महनसरिया ने कहा कि सचिन पायलट के नेतृत्व में जहां-जहां चुनाव हुआ है, वहां कांग्रेस को विजय मिली, यह बहुत खुशी की बात है। महनसरिया ने सरदारशहर उप चुनाव में मिली कांग्रेस की भारी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 2023 में राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस अवसर पर नई सड़क पर स्थित कार्यालय में कांग्रेसजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मोहन टेलर, इंदु खान, नवाब खान, पवन सिंह, आबिद खान, इमरान खान, मनोज महनसरिया, ललित मेघवाल, परमेश्वर खटीक आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सखी सेन्टर का किया निरीक्षण

चूरू, (का.सं.)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलजीत सिंह के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रमोद बंसल ने सखी सेन्टर वन स्टॉक सेन्टर का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान आगन्तुक पीड़ित महिलाओं की जानकारी ली गई तथा महिलाओं को उपलब्ध करवाई गई विधिक सहायता, पैनल अधिवक्ता, पुलिस सहायता इत्यादि के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए आव्श्यक निर्देश प्रदान किये गये। सेन्टर पर उपलब्ध स्टाफ की जानकारी लेते हुए उनके द्वारा पीड़ित महिलाओं को रखे जाने के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। सचिव द्वारा महिला अधिकारों की जानकारी देते हुए उनके लिए बने विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता के बारे मे विस्तार से बताया गया तथा पात्रता के बारे मे भी बताया गया। पोक्सो पीड़ित बालक-बालिकाओं को दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में भी बताया गया तथा पीडित प्रतिकर स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये इनके अंतर्गत आने वाले अपराधों एवं सहायता राशि के बारे मे बताया गया।

'खेलों को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा'

चूरू, (का.सं.)। 49वीं चूरू जिला स्तरीय मंत्रालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक निसार अहमद खान ने कहा कि खेल व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी हैं। आज की आपाधापी की जिंदगी में जहां मनुष्य अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों से जूझ रहा हैं। खेलों से अनेक बीमारियों और समस्याओं का समाधान सम्भव है क्योंकि खेल व्यक्ति को हर दृष्टि से मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे और सद्भाव को भी मजबूत बनाते हैं। सेठानी का जोहड़ खेल मैदान पर आयोजित मैच में अंपायर शारीरिक शिक्षक आमिर खान, मैच रेफरी वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामसिंह सिहाग, सुरेंद्र कुमार आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदर्शन के आधार पर घनश्याम सारण, संदीप कुमार सुरा, लोकेश कुमार, दिलीप सिंह, आबिद खान, अनुराग, दिलीप सैनी, नरेंद्र कुमार, विकास, अंकित कुमार, रफीक खान आदि खिलाड़ियों का मंडल स्तर के लिए चयन किया गया। जो 17 दिसंबर को आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

हिमाचल जीत की खुशी मनाई

चूरू, (का.सं.)। जिला मुख्यालय पर आथुना मोहल्ला कांग्रेस वार्ड कार्यालय में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन पर व उप चुनाव सरदारशहर में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा के और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को सरकार बनाने का भारी बहुमत मिलने पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कांग्रेस नेता जमील चौहान ने कहा सोनिया गांधी का त्याग किसी से छिपा हुवा नहीं है। चौहान ने कहा कांग्रेस मुक्त भारत कहने वालों को उपचुनाव व हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत से उनको एक फिर आईना दिखा दिया है। इस अवसर पर सुबोध मासूम, इक़बाल खान, हाजी निजामुद्दीन खान, जिला आईटी सेल रफ़ीक चौहान, मुखराम पूनिया, मुबारक भाटी, सिराज जोईया, पूर्व पार्षद सत्यनारायण बाकोलिया, सुभाष कुमार, असलम मोयल, सलीम मिस्त्री सलमान खान, अली हसन गौरी, सुरेश भाटी, आरिफ, निसार खान, अकरम खान आदि उपस्थित थे।

न्यायिक कर्मचारियों का धरना जारी

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले 30 नवंबर से चल रहा प्रदर्शन शुक्रवार को दसवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को धरने की अध्यक्षता न्यायिक कर्मचारी विशाल सिरोलिया द्वारा की गई।

जिला शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सुभाषचन्द्र मूंड ने बताया कि जयपुर मुख्यालय पर पदस्थापित साथी कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के आवास पर संदेहास्पद मृत्यु की जांच के संबंध में प्रदेश स्तर पर चल रहे आंदोलन में सम्मिलित होते हुए झुंझुनूं मुख्यालय सहित खेतड़ी, चिड़ावा, पिलानी, बुहाना, सूरजगढ़, उदयपुरवाटी, नवलगढ़ के न्यायिक कर्मचारीगण ने शुक्रवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहकर कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठे तथा जब तक कर्मचारी संघ की मांगें नहीं मान ली जाती, तब तक जिला शाखा झुंझुनूं के कर्मचारीगण सहित संपूर्ण राजस्थान के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर धरना प्रदर्शन करेंगे तथा मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में धरनास्थल पर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आंदोलन को तेज करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए जाकर आंदोलन को आगे बढाया जाएगा। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनू द्वारा मंगलवार को रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली निकाले जाने के लिए पत्र संघ द्वारा जिला कलेक्टर झुंझुनूं को दिया गया है। कर्मचारी संघ अध्यक्ष द्वारा आगे जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं एवं राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ झुंझुनूं द्वारा भी उक्त धरने को प्रतिदिन समर्थन दिया जा रहा है तथा अभिभाषक संघ झुंझुनूं द्वारा भी समर्थन किया गया तथा कर्मचारीगण की मांगे मानने के लिए शुक्रवार को भी समस्त अभिभाषकों द्वारा कार्यस्थगन रखा गया तथा न्यायालयों में अपनी उपस्थिति नहीं दी गई। धरने में धरनास्थल पर बाबूलाल सैनी, ताराचंद सैनी, महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, रामजीलाल, शीशराम, सुधीर कुमार, संजय मीणा, विक्रम सिंह पूनियां, जितेंद्र कुमार सैनी, सुरेश कुमार पूनियां, सुनील यादव, अशोक जोशी, राजकुमार सैन, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद रफीक, नरेश कुमार, अरुण सिंह शेखावत, झंडू राम, अमरचंद, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार सैनी, जयवीरसिंह, रविकुमार सैनी, कपिल शर्मा, गिरधारीसिंह शेखावत, गुलजार अली, मुकेश कुमार, राजेंद्र सिंह शेखावत, विकास कुमार, शुभम, सद्दाम हुसैन, विजयपाल, करणपालसिंह और रोहित शर्मा, सुभाषचंद्र सोनी सहित महिला कर्मचारीगण में रजनी चौधरी, निर्मला, अनिता, अंजना यादव, आदि न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ कर्मचारी सुभाष मेहरा की न्यायिक अधिकारी के आवास पर संदेहास्पद मृत्यु की जांच के संबंध में धरना जारी

राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा झुंझुनूं के बैनर तले चल रहा प्रदर्शन जारी रहा।

सूरजगढ़ : उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने सूरजगढ़ पहुंच अपनी काक सास कमला देवी व परिवार जनों के हालचाल जाने। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. सुरेश धनखड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश आगे बढ़ रहा है। विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। हर स्तर पर विकास नई ऊंचाइयां छू रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि किसान पृष्ठभूमि का बेटा उप राष्ट्रपति बना है। यह सदन का सौभाग्य है। उसे उनके जैसा जमीन से जुड़ा नेतृत्व मिला है। गांव, गरीब किसान के लिए उन्होंने जो किया है वह समाजिक जीवन में रह रहे हर व्यक्ति के लिए उदहारण है। इससे पहले पूर्व सांसद संतोष अहलावत व वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप मान ने डॉ. सुदेश धनखड़ का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, सुनिता देवी, पूनम देवी, अंकिता, प्रियंका, नेहा, रवि ठोलिया, अंकुर अहलावत, तुलिका, सुरेंद्र ठोलिया, रामपाल, सोमबीर, कैप्टन करण सिंह, एडवोकेट विक्रम सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

चिड़ावा महोत्सव को लेकर चर्चा

चिड़ावा, (निसं)। शहर में मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशिष्ट श्रृंखला का आयोजन चिड़ावा महोत्सव के रूप में होने जा रहा है। नगरपालिका की ओर से पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी इस विशेष विजन को लेकर काफी समय से कार्यरत थी। आज इसे लेकर प्रशासन और पुलिस के साथ पार्षदों को बैठाकर विशेष बैठक पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पालिकाध्यक्ष सैनी ने बताया कि चिड़ावा की जनता के लिए ये आयोजन अत्यंत विशिष्ट होगा। इसका शुभारंभ संभवतः 23 दिसंबर को होना है। हालांकि फेरबदल भी संभव है। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं, मनोरंजक प्रस्तुतियां और विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। ईओ जुबेर खान ने बताया कि इसी दौरान दो दिन बावलिया बाबा की पुण्यतिथि पर मेले का आयोजन भी होगा। मेला और पूरा आयोजन गोगाजी मंदिर के पीछे मालियों की बगीची स्कूल के मैदान में होगा। इसको लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई।

धरना जारी

खेतड़ी, (निसं)। न्यायिक अधिकारी एनडीपीएस जयपुर के आवास पर न्यायालय के सहायक कर्मचारी सुभाष मेहरा की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत की एफआईआर दर्ज करवाने व सीबीआई जांच की मांग को लेकर न्यायिक कर्मचारी धरना देकर बैठे हैं।

सार-समाचार

प्रदेश अध्यक्ष पूनियां का स्वागत

चिड़ावा, (निसं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया का देवरोड में भाजपा की जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए। जिला महामंत्री राजेश दहिया की अगुवाई में 101 किलो का पुष्प हार पहनाकर व तलवार भेंट कर पूनिया का स्वागत किया गया। शाम को भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन मावंडिया, सांसद नरेंद्र कुमार, सूरजगढ़ विधायक सुभाष पूनिया भी मौजूद रहे। आक्रोश यात्रा प्रभारी नरेश शर्मा, यात्रा संयोजक दिलीप स्वामी, भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बीएल वर्मा, मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष किशोरी लाल, नगर अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र नेहरा, ओम स्वामी, विकास स्वामी, संदीप पारीक, डॉ सुरेंद्र भगीना, वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र कटेवा, मदन डारा, मुकेश जलिंद्रा, जिला मंत्री रिशाल कंवर, मंजू कुलहरी, जिला प्रवक्ता राकेश पाटनिया, मिंटू लांबा, पूर्व पार्षद सुरेश जलिंद्रा, रोहिताश्व धानका, नरेंद्र सिंह, विक्की नेहरा, चरण सिंह पूनिया, पंचायत समिति सदस्य सुभाष योगी, पंचायत समिति सदस्य सुनील पूनिया, पंचायत समिति सदस्य अरविंद सैनी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

वाणी संस्था की टीम ने जल ही जीवन है योजना की जानकारी दी

चूरू, (का.सं.)। जिले के सुजानगढ़ तहसील में वाणी संस्था की टीम की द्वारा सुजानगढ़ ब्लॉक के ग्राम चरला में चल रहे जल जीवन मिशन योजना के कार्य को निरंतर रखने के लिए वाणी संस्था की टीम निरंतर ग्राम वासियों के साथ समन्वय कर निरंतर अंशदान का कार्य कर रही है। वाणी संस्था की टीम के गायत्री ने बताया कि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को और ग्रामीण परिवार के लोगों को योजना की जानकारी विस्तृत रूप से दी जा रही है। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी रामपाल, वार्ड पंच चंद्री देवी, ओम प्रकाश, तेजू देवी और अन्य गांव के लोग उपस्थित थे।

ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

सुजानगढ़, (नि.स.) विद्यालय के पास तेज आवाज में डेक चलाना एक ट्रैक्टर चालक को भारी पड गया। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार मुन्नाराम पुत्र खेताराम नायक निवासी गोपालपुरा बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल के पास तेज आवाज में ट्रैक्टर पर लगी डेक व स्पीकर मोबाइल से ब्लू टूथ लगा कर बजा रहा था। जिससे विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की पढाई में व्यवधान उत्पन्न होने पर ट्रैक्टर चालक मुन्नाराम को गिरफ्तार कर डेक, स्पीकर व मोबाइल जब्त किया।

अंकेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। लोकपाल महावीर प्रसाद तोगड़िया ने जिले में चल रहे मनरेगा कार्यों के सामाजिक अंकेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। लोकपाल ने सिंघाना पंचायत समिति में ग्राम पंचायत गाड़ाखेडा, सूरजगढ़ की डालमिया की ढाणी, पिलानी की देवरोड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली कमियों के बारे में लोकपाल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ आईईसी समन्वयक अजीत सिंह बिजारणियां भी उपस्थित रहे।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान सम्पत्ति श्रीमाधोपुर चौपड बाजार पूर्व देखती हुई तीन दुकानों सहित चौबारा, हवेली है जो कि स्वर्गीय नानूलाल पुत्र स्व.डेडराज के नाम से सिटी सर्वे के खसरा नम्बर 1998 नगर पालिका में दर्ज है। हम वारिसान सन्तोष गोकुलका, नवीन गोकुलका उक्त सम्पत्ति के एक मात्र मालिक स्वामी काबिज है। जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 07 दिवस के भीतर भीतर दर्ज करावें।
जयपुर (मनोज शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-09/12/2022 मो.9887566756

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम मोहम्मद फारूक से बदलकर मोहम्मद फारूक खोखर रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद फारूक खोखर के नाम से जाना - पहचाना जावे।
मोहम्मद फारूक खोखर
पुत्र मोहम्मद आमीन, जाति व्यापारी मुसलमान, निवासी वार्ड नंबर 32 मोहल्ला काजीवाड़ा झुंझुनूं, तहसील व जिला झुंझुनूं (राजस्थान)

बेदखली सूचना
मनके मनोज सिंह आयु 42 साल पुत्र लिछमण सिंह जाति राजपूत निवासी बिराण तहसील राजगढ़ जिला चूरू का हूं, जो कि निम्न तथ्य शपथ पूर्वक बयान करते हुए सर्वसाधारण आम को सूचित रहा हूं यह कि मेरी पुत्री डिम्पल कंवर मेरे कहने व सुनने में नहीं है तथा हर समय मेरा अनादर करती रहती है। मेरी पुत्री को मैं जब भी समझाता हूं तो मुझसे व मेरी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा करने लग जाती है। मेरी पुत्री दिनांक 16.11.2022 को रात्रि को मुझे बिना बताये मेरी इच्छा के विरूद्ध घर से दूसरे समाज के व्यक्ति प्रदीप स्वामी निवासी चैनपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ के साथ चली गई है। मैंने अपनी पुत्री को काफी समझाया कि वह वापिस घर आ जाये, लेकिन मेरी पुत्री मेरी बात नहीं मान रही है। इसलिए मैं अपनी पुत्री डिम्पल कंवर से किसी भी प्रकार का सम्पर्क व सम्बन्ध नहीं रखना चाहता हूं, और अपनी पुत्री से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी पुत्री डिम्पल कंवर को अपनी समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद से मेरी पुत्री डिम्पल कंवर से मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। अगर मेरी पुत्री से कोई संव्यवहार करता है या मेरी पुत्री किसी से मेरा नाम लेकर कोई देन देन करती है तो इसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, उक्त जिम्मेदारी मेरी पुत्री से संव्यवहार करने वाले व्यक्ति स्वयं की होगी। सूचित रहे।
दिनांकः- 09.12.2022
शपथ ग्रहिता
मनोज सिंह

चिड़ावा नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाये

चिड़ावा, (निसं)। प्रशासन और नगरपालिका की ओर से चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। तीसरे दिन खेतड़ी रोड, सूरजगढ़ मोड़, आदर्श सेवा प्रतिष्ठान के पास जमा मिट्टी को हटाया गया। जेसीबी की मदद से ट्रॉलियों में मिट्टी भरकर हटवाई गई। रास्तों को समतल किया जा रहा है।

इधर सूरजगढ़ मोड़ पर काफी दिनों से गंदगी से अटे पड़े नालों की भी नगरपालिका ने सुध ली। ईओ ने नालों की हालत देखकर कर्मचारियों को तुरंत नालों की सफाई के निर्देश दिए। जिसके बाद जेसीबी की मदद से नालों की गंदगी को निकलवाकर ट्रेक्टर ट्रॉलियों और ऑटो टीपर में डलवाया गया। ईओ खान ने इस दौरान कहा कि हमारा उद्देश्य किसी को भी बेवजह परेशान नहीं है बल्कि शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना है ताकि कोई भी यहां आए तो शहर की बढ़ाई करे। एसडीएम संदीप चौधरी ने भी अभियान का जायजा लिया और नगरपालिका की प्रशंसा करते हुए पूरे शहर में इसी तरह अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

इस दौरान सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया, जेईएन नवीन सैनी, एसआई नरेंद्र सिंह, विनोद जमादार, रामनिवास सैनी, राजेंद्र कुमार सहित नगरपालिका कार्मिक मौजूद रहे।

■ सूरजगढ़ मोड़ तक मिट्टी भी की समतल, नालों की सफाई भी कराई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूनियां ने राज्य की कांग्रेस सरकार के नेताओं को घेरा

झुंझुनूं, (निसं)। दो दिन के झुंझुनूं दौरे पर आए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बड़ा बयान दिया है। पूनियां ने कहा है कि प्रदेश में चल रही कांग्रेस सरकार कभी भी जा सकती है। क्योंकि कांग्रेस की आपसी कलह से प्रदेश में राजनैतिक अस्थिरता आ गई है। स्पीकर के पास विधायकों व मंत्रियों के इस्तीफे रखे है। कोर्ट में भी लड़ाई लड़ी जा रही है। फिलहाल तो स्पीकर के रहमो करम पर सरकार चल रही है। लेकिन कब सरकार चली जाए। कुछ भी पता नहीं है। झुंझुनूं के वृंदावन में बिहारीजी मंदिर और पंचपेड़ पर दर्शन के बाद उन्होंने प्रेस वार्ता में कांग्रेस सरकार के सभी नेताओं को घेरा।

उन्होंने कहा कि विडंबना है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और कांग्रेस के पास एक ऐसा काबिल नेता नहीं है। जो पूर्णकालिक गृह मंत्री बन सके। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास ही गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। यही कारण है कि प्रशासन, पुलिस, सरकार आदि के बीच गेप है। इस गेप का फायदा अपराधियों को मिल रहा है। विडंबना है कि चार साल बाद भी मुख्यमंत्री कह रहे है कि अपराधियों पर नकेल कसेंगे। जबकि सरकार का तो अब जाने का टाइम आ गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस में राजनैतिक दखलअंदाजी के कारण कमजोर पुलिसिंग हो रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गुजरात की जीत का असर पूरे देश में होगा। क्योंकि पूरा विश्व गुजरात के परिणामों की ओर देख रहा था। उन्होंने बताया कि गुजरात की जीत राजस्थान के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि यहां के कार्यकर्ताओं ने तीन महीने तक वहां पर धरातल पर काम किया है। राजस्थान को उत्तर गुजरात की 43 सीटें दी गई थी। जहां पर हमारे प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल तथा सुशील कटारा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम ने काम किया और 33 में जीत दर्ज की। इसलिए ना केवल हमने वहां पर चुनाव प्रबंधन सीखा। बल्कि यह भी पूरा देश जानता है कि एक धारणा है कि 22 में गुजरात, 23 में राजस्थान और 24 में हिंदुस्तान। इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे है।

■ कभी भी जा सकती है राजस्थान की सरकार : डॉ. सतीश पूनियां

क्षतिग्रस्त सड़क ठीक करवाने के लिए प्रदर्शन किया

सड़क को रिपेयर करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

सादुलपुर, (निसं)। पाइप लाइन डालने के लिए जलदाय विभाग के ठेकेदार द्वारा तोडी गई सड़क की रिपेयर नहीं करने के आरोप में जहाँ आमजन परेशान है, वहीं दूसरी ओर शहीद भगत सिंह विचार मंच के संयोजक जगतसिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताते हुए तोडी गई सडक की अतिशीघ्र रिपयेरिंग करवाने की माँग की है।

संयोजक जगत सिंह, बनवारी लाल मुण्ड, अन्तर सिंह मिस्त्री, कृष्ण कुमार व दिपक आदि ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन सादुलपुर से रेस्ट हाउस के आगे से होकर चूरू जाने वाली मुख्य सडक को पावर हाउस के पास पाइप लाइन डालने के लिए पीएचईडी के ठेकेदार ने तोडा था, लेकिन उसको वापिस रिपेयर नहीं किया जाने के कारण सडक में जगह-जगह पर गड्ढे हो गये हैं जिससे आम जनता परेशान है और कभी भी बडा हादसा हो सकता है। जिसको लेकर लोगों ने प्रदर्शन कर पीएचईडी प्रशासन से अविलंब सडक को ठीक करवाने की माँग की गई है।

■ पाइप लाइन डालने के लिए जलदाय विभाग के ठेकेदार द्वारा तोडी गई थी सड़क धरना जारी

सामाजिक अंकेक्षण कार्य का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान सामाजिक एवं निष्पादन अंकेक्षण प्राधिकरण जयपुर के कैलेंडर अनुसार ज़िले में 15वां वित्त आयोग योजना, मिड डे मिल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व महात्मा गांधी नरेगा योजना में हुए कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य चल रहा है। झुंझुनूं लोकपाल महावीर प्रसाद तोगड़िया व समन्वयक आईईसी (डीआरपी) अजीत सिंह बिजारणियां पंचायत समितियों में शुक्रवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। सिंघाना पंचायत समिति की गाडाखेड़ा ग्राम पंचायत में वीआरपी सुनीता अनुपस्थित पाई गई।

कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

क्रमांकः-जिशिपसं./चूरू/2022/2706 दिनांकः-09.12.2022

खुली बोली आमंत्रण सूचना

दर संविदा हेतु खुली बोली आमंत्रण सूचना संख्या- 01

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चूरू के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2022-23 में निम्न व्यवस्थाओं/कार्यों/सामग्री क्रय करने के लिये दर संविदा करने हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से मुहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	सेवाओं/व्यवस्थाओं/ सामग्री/कार्यों का विवरण	अनुमानित लागत (लाखों में)	बोली प्रतिभूति राशि (रूपयों में)	बोली प्रपत्र शुल्क (रूपयों में)	बोली प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	तकनीकी बोली खोलने की तिथि व समय
1	कक्षा 8 व कक्षा 5 मार्कशीट एंव TR प्रिंट ब्लॉक वाईज	6.00	12000	600	19.12. 2022 12.00 AM	19.12. 2022 2.00 PM	19.12. 2022 3.00 PM

प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चूरू